# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

**कार्य का नाम–** राज्य योजना के अन्तर्गत पोखरी–हरिशंकर–चौंडी–रौता मोटर मार्ग से सिमलासू तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.120 हे0 सिविल एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.060 हे0 कुल 1.180हे0 सिविल वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

यह मोटर मार्ग उडामाण्डा–सिनाऊ–रौता मोटर मार्ग के कि0मी0 27.00(हे0मी0 0–2) से प्रारम्भ होकर सिमलासू गॉव तक जाता हैं। जिससे कि ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी तथा ग्रामवासियों का सीधा सम्पर्क तहसील मुख्यालय पोखरी से हो सकेगा। वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा, साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें।

**समरेखण–1** यह मोटर मार्ग उडामाण्डा–सिनाऊ–रौता मोटर मार्ग के कि0मी0 27.00(हे0मी0 0–2) से प्रारम्भ होकर ग्राम सिमलासू तक 1.925 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्डों की संख्या 5 हैं तथा प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या 25 हैं।

**समरेखण–2** यह मोटर मार्ग उडामाण्डा–सिनाऊ–रौता मोटर मार्ग के कि0मी0 27.00(हे0मी0 0–2) से प्रारम्भ होकर सिमलासू तक 2.00 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति है। इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं एवं भू–गर्भ वेता द्वारा मार्ग निर्माण हेतु अनुपयुक्त पाया गया हैं। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड कि सं0 5 है तथा प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या 30 हैं।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
पोखरी (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
पोखरी (चमोली)